भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †300
सोमवार, 2 फरवरी, 2026/13 माघ, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में बौद्ध विरासत स्थलों का विकास

†300. डॉ. दग्गुबाती पुरंदेश्वरीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के तटीय और बौद्ध सर्किटों के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) गोदावरी क्षेत्र में अदुरू और कपवरम स्थित बौद्ध विरासत स्थलों के विकास का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन स्थलों के अंतिम स्थान तक संपर्क और पर्यटन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किए गए/किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्तमान परियोजनाओं के पूरा होने और निधि के उपयोग की स्थिति क्या है; और

(ङ) दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में आंध्र प्रदेश में बौद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): यद्यपि पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्यतः संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, फिर भी पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं, जैसे 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'- स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के माध्यम से तटीय और बौद्ध स्थलों सहित देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को उनसे योजना दिशानिर्देशों, सरकारी निर्देशों के अनुरूप परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने पर, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है। इन योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाएं पर्यटन अवसंरचना के विकास और आगंतुक अनुभवों से संबंधित कई घटकों को कवर करती हैं, जिनमें अंतिम छोर तक संपर्कता भी शामिल है, जो प्रत्येक परियोजना की विशिष्ट आवश्यकताओं पर निर्भर करती है।

भारत सरकार ने 'राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता (एसएएससीआई)-वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' नामक अपनी योजना के तहत देश में ऐसी परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है, जिनका प्राथमिक उद्देश्य देश के प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का व्यापक विकास करना, उनकी ब्रांडिंग करना और वैश्विक स्तर पर उनका विपणन करना है।

पर्यटन मंत्रालय दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों सहित वैश्विक बाजारों में देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है, जिनमें बौद्ध विरासत भी शामिल है।

आंध्र प्रदेश राज्य में एसडी, एसडी2.0, सीबीडीडी, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण, जिनमें बौद्ध और तटीय क्षेत्र की परियोजनाएं भी शामिल हैं, संलग्न है।

****

अनुबंध

डॉ. दग्गुबाती पुरंदेश्वरी द्वारा आंध्र प्रदेश में बौद्ध विरासत स्थलों के विकास के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †300 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन (एसडी), एसडी 2.0, सीबीडीडी, एसएएससीआई और प्रशाद योजनाओं के तहत मंज़ूर की गई परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

योजना/उप-योजना	**क्र. सं.**	**परियोजना/अनुभव का नाम**	**परिपथ/ गंतव्य**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि (आर)/ उपयोग की गई राशि (यू)/ उपयोग के लिए जारी अथवा प्राधिकृत राशि (ए)**	**स्थिति (भौतिक रूप से पूर्ण/ कार्यान्वयन के चरण में)**
स्वदेश दर्शन	1	काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य-पासरलापुडी-अडुरु-एस यानम- कोटिपल्ली का विकास	तटीय परिपथ	2014-15	67.83	67.83 (यू)	भौतिक रूप से पूर्ण
	2.	नेल्लोर - पुलिकट झील-उब्बलमाडुगु जल प्रपात- नेलापट्टू -कोठाकोडुरु- मायपाडु -रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	तटीय परिपथ	2015-16	49.55	49.55 (यू)	भौतिक रूप से पूर्ण
	3.	बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास	बौद्ध परिपथ	2017-18	35.24	30.02 (यू)	भौतिक रूप से पूर्ण
स्वदेश दर्शन 2.0	4.	सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास	बापतला	2024-25	97.52	9.75 (ए)	कार्यान्वयन के चरण में

	5.	अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस	अरक्कू-लम्बासिंगी	2023-24	29.88	2.99 (ए)	कार्यान्वयन के चरण में
सीबीडीडी	6.	नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन (संस्कृति एवं विरासत श्रेणी के तहत)	नागार्जुन सागर	2024-25	25.00	2.50 (ए)	कार्यान्वयन के चरण में
	7.	एक आध्यात्मिक यात्रा के रूप में अहोबिलम का विकास (आध्यात्मिक पर्यटन श्रेणी के तहत)	अहोबिलम मंदिर	2024-25	24.99	2.50 (ए)	कार्यान्वयन के चरण में
एसएएससी आई	8.	गांडीकोटा में किले एवं गोर्ज संबंधी अनुभव का संवर्धन	गांडीकोटा	2024-25	77.91	113.75 (ए)	कार्यान्वयन के चरण में
	9.	राजा महेंद्रवरम में अखंड गोदावरी-(हवेलोक ब्रिज और पुष्कर घाट)	राजा महेंद्रवरम	2024-25	94.44		कार्यान्वयन के चरण में
प्रशाद	10.	पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती शहर, गुंटूर जिले का विकास	अमरावती शहर	2015-16	27.77	27.77 (यू)	भौतिक रूप से पूर्ण
	11.	श्रीसैलम मंदिर का विकास	श्रीसैलम	2017-18	43.08	43.08 (यू)	भौतिक रूप से पूर्ण
	12.	विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम	विशाखापत्तनम	2022-23	54.04	27.37 (यू)	कार्यान्वयन के चरण में
	13.	अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास	अन्नावरम	2024-25	25.33	6.74 (आर) 2.04 (यू)	कार्यान्वयन के चरण में

****